# कार्यालय अधिष्ठाता, राजकीय कृषि महाविद्यालय, हरदोई
# चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर।

पत्रांकः सीएसयूडीएच / 196 / 2025–26 — दिनांकः 14/01/2026

## कार्यालय ज्ञाप

राजकीय कृषि महाविद्यालय, हरदोई मे अध्ययनरत समस्त स्नातक छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2025–26 मे दशमोत्तर छात्रवृत्ति से वंचित रह गये छात्र/छात्राओं के लिये समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा छात्रवृत्ति पोर्टल पुनः खोले गये हैं। ऐसे अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/सामान्य वर्ग/अन्य पिछडा वर्ग/अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्रा जिनका छात्रवृत्ति आवेदन अग्रसारित न होने PFMS से reject होने एवं कतिपय अन्य कारणों से छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति का भुगतान नही हो पाया था। उक्त छात्र/छात्राओं को निदेर्शित किया जाता है कि समाज कल्याण विभाग के पोर्टल का अवलोकन करते रहे एवं जब कभी भी किसी भी प्रकार की सूचना को update करने का विकल्प उपलब्ध हो तो सम्बन्धित सूचना को update करना सुनिश्चित करे जिससे छात्रवृत्ति का भुगतान सुनिश्चित हो सके। समस्त स्नातक छात्र/छात्राओं को यह भी निर्देशित किया जाता है कि अपने पिता का आय प्रमाण पत्र ही संलग्न करें एवं किसी भी अवस्था में स्वयं का आय प्रमाण पत्र न संलग्न करें अन्यथा छात्रवृत्ति आवदेन निरस्त होने की दशा में छात्र/छात्रायें स्वयं जिम्मेदार होगें।

नोडल अधिकारी, छात्रवृतित्त

अधिष्ठाता, रा0कृ0महा0, हरदोई

पत्रांक व दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित ।

1 अधिष्ठाता, छात्र कल्याण।
2 समस्त छात्रावास अधीक्षक/अधीक्षिकायें ।
3. प्रभारी, ए.के.एम.यू. को इस आशंय से कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करनें का कष्ट करे।
4 समस्त छात्रावास नोटिस बोर्ड।
5 कुलपति के तकनीकी सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सज्ञानार्थ।
6 गार्ड फाइल।

14/01/2026

नोडल अधिकारी, छात्रवृतित्त

14/1/26

अधिष्ठाता, रा0कृ0महा0, हरदोई